**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 21.05.2025** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार

- **प्रदेश के 6 रेलवे स्टेशनों सहित देश के 103 अमृत भारत स्टेशनों का प्रधानमंत्री कल करेंगे उद्‌घाटन।**
- **31 मई को प्रधानमंत्री के भोपाल दौरे को लेकर तैयारियां जारी।**
- **प्रदेश की जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट 2022–23 का हुआ विमोचन।**
- **प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी–बारिश, 25 मई तक ऐसे ही मौसम के रहने की संभावना।**

**प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों को अपग्रेड और पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत प्रदर्शित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इनमें मध्यप्रदेश के शाजपापुर, कटनी साउथ, सिवनी, नर्मदापुरम, ओरछा, श्रीधाम रेल्वे स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के 'विकास का प्रवेश द्‌वार' सिद्‌ध होने जा रहे ये सभी स्टेशन न सिर्फ यात्रियों को सुगम, सुरक्षित व आनंददायक यात्रा का विश्वस्तरीय अनुभव देंगे,. इन स्टेशनों में सिवनी रेलवे स्टेशन को भी विकसित किया गया है। इस बारे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि–

**प्रधानमंत्री यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इस यात्रा के संबंध में जम्बूरी मैदान पर जारी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि महिलाओं की प्रगति के बिना देश-प्रदेश की प्रगति अधूरी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री महिला सम्मेलन में सहभागिता के लिए भोपाल आ रहे हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण और महिला स्वावलम्बन पर केन्द्रित इस सम्मेलन में दो लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी।

भोपाल में होने वाला यह आयोजन, नया रिकार्ड बनाएगा।
बाईट- डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री

**प्रधानमंत्री नक्सलवाद**

छत्तीसगढ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड इलाके में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड में नक्सलियों के एक कुख्यात सरगना के भी मारे जाने की खबर है। गोलीबारी में एक सुरक्षाकर्मी शहीद हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों की उल्लेखनीय सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आज कहा कि सरकार माओवाद को समाप्त करने और देश के लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दौरा**

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज रवाना होने शुरु हो गए है। जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा। बाकि दल भी आज रवाना हो रहे हैं।

**टीबी निक्षय**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज राजभवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित किया । साथ ही प्रदेशव्यापी 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ किया। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश भर में क्षय (टीबी) रोग की पहचान, उपचार और जन-जागरूकता हेतु विशेष शिविर लगाए गए। आज से शुरु हुए स्वस्थ यकृत मिशन का उद्देश्य हेपेटाइटिस बी/सी, फैटी लिवर, सिरोसिस जैसी यकृत संबंधी बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता, शीघ्र पहचान, उपचार तथा रोकथाम सुनिश्चित करना है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने और मरीजों के माध्यम से इसे फैलने से रोकने के लिए सभी सावधानियां रखनी चाहिए।

## राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

## जिला घरेलू उत्पाद

आत्मनिर्भर जिला विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेस में जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट तैयार की गई है। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आज भोपाल में 2022-23 के लिए इस रिपोर्ट का विमोचन किया गया। अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश के विजन 2047 की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है रिपोर्ट के अनुसार इंदौर, भोपाल, जबलपुर और उज्जैन जैसे जिलों ने राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक योगदान दिया है। प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों में भी यही जिले शीर्ष पर रहे हैं। कृषि वानिकी, पशुपालन, मछली पालन में राज्य का जीव्हीए में 45% का योगदान है जबकि निर्माण और विनिर्माण तथा सेवाएं, व्यापार वित्त में क्रमशः 19% और 36% का योगदान दर्ज किया गया है। छिंदवाड़ा, धार, बालाघाट इंदौर और भोपाल जैसे जिलों ने विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी प्रदर्शन किया है।

### मौसम

प्रदेश में कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए 16 जिलों में आंधी–बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। जिसमें बैतूल, झाबुआ, बालाघाट जिला शामिल है। इसके अलावा 30 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें इन्दौर, भोपाल, शहडोल, उमरिया जिला शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार 25 मई तक कई जिलों में तेज बारिश और आंधी की संभावना है। इस बीच छतरपुर जिले में लू का प्रभाव बना हुआ है। यहां सर्वाधिक तापमान खजुराहों में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आज भोपाल और आसपास के जिलों में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। सीहोर और आष्टा में तेज हवा से कई पेड़ उखड गये।

**समाचार संक्षेप**

- शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में आज पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का प्रशिक्षण दिया गया।

- प्रदेश को एक और नई प्रीमियम वंदे भारत मिलने जा रही है इसमें 8 चेयरकार कोच होंगे, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से लखनऊ तक वंदे भारत चलने के बाद 9 से 11 घंटे का सफर 7 से 8 घंटे में तय होगा।

- शिवपुरी जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत कल भाासकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा।

- धार जिले मे राजा भोज स्मृति व्याख्यान माला में आज प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक विनय दीक्षित समाज परिवर्तन की संकल्पना एवं हमारी भूमिका' विषय पर अपना व्याख्यान देंगें।

- देवास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा,जिले में बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से ''साथी'' अभियान शुरु किया गया है।

..........................